(i) Printed Pages : 4 Roll No. ................................

(ii) Questions : 8

**Sub. Code : 0 0 0 7**

**Exam. Code : 0 0 0 1**

**B.A./B.Sc. (General) 1st Semester**

**(1129)**

**HINDI**

**Paper–(Elective)**

**Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 90**

**नोट** :—सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :—

(i) हंसा बगुला एक सा, मानसरोवर माहिं।
बगा ढंढोरे माछरी, हंसा मोती खाहिं।।
बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर।
पंथी को छाया नहीं, फल लागै अति दूर।।

(ii) माटी को पुतरा कैसे नचतु है।
देखै देखै सुने बोलै दउरिओ फिरतु है।।
जब कछु पावै तब गरब करत है।
माइया गई तब रोवनु लगत है।।

(iii) खुरासान खसमाना कीआ हिंदुस्तान डराइआ।।
आपै दोसु न देई करता, जमु करि मुगलु चढ़ाइआ।।
एती मार पई करलाणै तै की दरदु न आइआ।।
करता तूं समना का सोई।।
जे सकता सकते कउ मारे ता मनि रोसु न होई।।

(iv) मैया मोहिं दाऊ बहुत खिझायो।
मोसों कहत मोल को लीनो, तू यशुमति कब जायो।।
कहा कहौं एहि रिस के मारे खेलन हौं नहिं जात।
पुनि-पुरि कहत, कौन है माता को है तुमरो तात।।

$2 \times 5 = 10$

(ख) गुरु नानक देव जी का साहित्यिक परिचय दें।

अथवा

रैदास के पदों का सार अपने शब्दों में लिखें। 6

2. (क) निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या करें :—

(i) "भगवान् की यह कैसी माया है। जहां बच्चे हैं, वहां पालने वाला कोई नहीं और जहां पालने वाले हैं, वहां बच्चों की कमी है।"

(ii) अवध के विशाल देश का नवाब बन्दी बना चला जाता था और लखनऊ ऐश की नींद में मस्त था। यह राजनीतिक अधःपतन की चरम सीमा थी।

(iii) 'हे भगवान् ! तब के लिए ? विपद के लिए, इतना आयोजन ? परम पिता की इच्छा के विरुद्ध इतना साहस ? पिताजी ! क्या भीख न मिलेगी ? क्या कोई हिन्दू भू-पृष्ठ पर न बचा रह जाएगा, जो ब्राह्मण को दो मुट्ठी अन्न दे सके ?

(iv) पता नहीं, बाघ लक्ष्मीदत्त जी को कहाँ खींच ले गया और उनके शरीर की क्या दुर्गति की होगी — ये विचार आते ही मैं पागल सा हो उठा। $5 \times 2 = 10$

(ख) 'गुलाब' नामक कहानी का उद्देश्य स्पष्ट करें।

अथवा

मनोहर सिंह (अशिक्षित का हृदय) का चरित्र चित्रण करें। 6

3. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50** शब्दों में लिखें :—

(i) कबीर ने गुरु की महिमा के विषय में क्या कहा ?

(ii) मिर्ज़ा साहिब पत्नी को भीतर देखने क्यों नहीं जाना चाहते थे ?

(iii) संक्षेप में 'सभ्य-असभ्य' नामक कहानी का उद्देश्य लिखें।

(iv) गोपियां मधुबन से क्या कहती हैं ?

(v) शिकार के लिए जाते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

(vi) गेंद खेलते समय कृष्ण और सुदामा की क्या बातचीत हुई ?

(vii) महाराज अशोक मृत्युदण्ड की क्या प्रतिक्रिया हुई ?

(viii) गुरु नानक ने कलयुग का कैसा चित्रण किया है ? 3×3=9

4. आदिकाल में रचित साहित्य की मुख्य विशेषताएं क्या हैं ?

**अथवा**

आदिकाल का नामकरण क्या हो, तर्क सहित उत्तर दें। 7

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों का उत्तर दीजिए :—

(i) कबीर के गुरु कौन थे ?

(ii) गुरू नानक के पिता का क्या नाम था ?

(iii) पृथ्वीराज रासो के रचियता का नाम लिखें।

(iv) 'सभ्य-असभ्य' नामक कहानी के लेखक कौन हैं ?

(v) 'मौत के मुंह में' नामक कहानी के दो शिकारियों का नाम लिखें।

(vi) कौन-सा मुगल सम्राट 'ममता' से आश्रय मांगने आया था ?

(vii) गुरू नानक देव जी की किन्हीं दो रचनाओं का नाम लिखें।

(viii) बीसलदेव रासो किसकी रचना है ?

(ix) 'शतरंज के खिलाड़ी' में अवध के किस नवाब (शासक) की बात कही गई है ?

(x) 'ममता' के पिता का नाम लिखें।

(xi) कबीर की सम्पूर्ण वाणी किस ग्रंथ में संकलित है ?

(xii) जार्ज ग्रियर्सन ने आदिकाल को क्या नाम दिया ?

(xiii) आदिकाल की पूर्वापर सीमा क्या है ?

(xiv) सन् और संवत में कितने वर्ष का अन्तर होता है ? 10

6. विभिन्न विद्वानों ने कहानी की कौन-कौन सी परिभाषाएं दी हैं, बताएं।

अथवा

कहानी कितने प्रकार की है ? संक्षेप में लिखें। 7

7. (क) किन्हीं **5** के विपरीतार्थ शब्द लिखें :

निर्यात, सरस, अनावृष्टि, पाप, स्वतन्त्र, आदि, लोक, गर्मी। 5

(ख) किन्हीं **5** शब्दों के समानार्थक शब्द लिखें :

तालाब, देवता, आग, नयन, बिजली, पत्थर, स्त्री, शत्रु। 5

(ग) किन्हीं **5** शब्दों के शुद्ध रूप लिखें :

दवाइयां, आशीरवाद, उजवल, परथम, रचीयता, अन्तरगत, अतीथी, हिनदु। 5

(घ) किन्हीं **पाँच** वाक्यों के लिए एक-एक शब्द लिखें :

(i) छात्रों के रहने का स्थान।

(ii) जिसका अंन्त न हो।

(iii) जल में रहने वाला।

(iv) मांस खाने वाला।

(v) हमेशा सत्य बोलने वाला।

(vi) व्याकरण का ज्ञाता।

(vii) जो कम बोलता हो।

(viii) जिसका कोई आधार न हो। 5

8. पारिभाषिक शब्दावली के किन्हीं **5** शब्दों का हिन्दी रूप लिखें :

Birth date, Inquiry, Guidance, Entry cancel, Department, Assistant, Leave Vacancy. 5